# COVID-19

fraserhealth

## अपने कारोबार को कोविड-19 मुक्त बनाएं

19 नवंबर, 2020 को प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारी (PHO) ने सभी नियोक्ताओं को एक आदेश जारी किया:

- उनकी COVID-19 सुरक्षा योजना की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि उपयुक्त प्रोटोकॉल लागू हैं।
- यह सुनिश्चित करें कि जहां संभव हो, वहां घर-से-काम करने के विकल्प कार्यरत हों।
- सुनिश्चित करें कि खाली स्थान और अवरोधों द्वारा अलग न किए जाने पर श्रमिक और ग्राहक मास्क पहनते हैं।
- यह सुनिश्चित करें कि COVID-19 के लक्षण होने पर श्रमिकों और अन्य लोगों को कार्यस्थल में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है।

कोविड-19 के दौरान स्वस्थ कारोबार चलाने का अर्थ है सुरक्षा के कड़े नियम होना। इसका अर्थ है अपने कर्मचारियों का तथा अपना ध्यान रखने के लिए सभी संभव कदम उठाना और समुदाय में अग्रणी तथा प्रेरणा के स्रोत बने रहना।

स्वस्थ स्टाफ तथा स्वस्थ ग्राहको का अर्थ है स्वस्थ कारोबार। पिछले कुछ महीनों में हमने कुछ कारोबारों को अस्थायी रूप से बंद होते देखा है ताकि कोविड-19 के मामलों का प्रबंध किया जा सके तथा फैलने से रोका जा सके। अब जब कि फ्लू तथा सांस की बीमारियों का मौसम शुरु हो गया है, कारोबारों को जोखम बढ़ रहा है। पर आप इस समय कुछ ऐसे कदम उठा सकते हैं जो कोविड-19 के कारण आपके कारोबार को बंद होने से रोक सकते हैं।

## कर्मचारियों (और ग्राहकों) को मास्क पहनना अनिवार्य है।

सभी सार्वजनिक इनडोर सेटिंग्स और कार्यस्थलों में मास्क अब सभी के लिए आवश्यक हैं।

नियोक्ता, कर्मचारी और ग्राहक सभी से मास्क-जनादेश के अनुपालन की उम्मीद है।

साझा कार्य क्षेत्रों और उन क्षेत्रों के लिए सभी कार्यस्थलों में मास्क की आवश्यकता होती है, जहां शारीरिक दूरी को बनाए नहीं रखा जा सकता है। इसमें शामिल हैं:

- लिफ्ट
- रसोई
- ग्राहक काउंटर
- अवकाश के कमरे
- हॉल-वे
- चार से अधिक लोगों के साथ मुलाकात कक्ष

कृपया ध्यान दें: एक मास्क अन्य उपायों के लिए प्रतिस्थापक नहीं है जैसे कि बीमार होने पर घर पर रहना और हाथ धोना।

## बीमार कर्मचारियों को काम पर न आने दें

कर्मचारियों के एक दिन भी काम पर न आने से आपके कारोबार पर बड़ा असर पड़ सकता है। किंतु एक कर्मचारी के बीमार पड़ने पर उसको घर पर रहने देने का खर्चा आपके पूरे स्टाफ के कोविड-19 से बीमार पड़ने या एकांत में रहने तथा उसके परिणाम स्वरूप आपके कारोबार को अस्थायी रूप से बंद करने के खर्चे से बहुत कम होगा।

सभी कर्मचारियों के लिए बीमार होने की स्थिति में घर पर रहना अनिवार्य होना चाहिए। इसके लिए आप उनकी निम्न सहायता कर सकते हैं:

- बीमारी के दिनों की छुट्टी देना
- डाक्टर से नोट लाना आवश्यक न होना
- बीमारियों के लिए स्वयं या किसी अन्य द्वारा रोजाना स्क्रीनिंग करना
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि ऐसा निरंतर हो, इसका रिकार्ड रखें

लक्षणों के लिए स्क्रीनिंग रोजाना हर शिफ्ट से पहले होनी चाहिए। यदि किसी कर्मचारी को शिफ्ट के दौरान लक्षण विकसित हो जाते हैं तो उसे फौरन कार्य स्थान छोड़ कर घर भेजने में सहायता करनी चाहिए।

### सार्वजनिक इलाके तथा शारीरिक दूरी

शारीरिक दूरी का नियम केवल कर्मचारी के निर्धारित कार्यस्थल पर लागू नहीं होता। सुनिश्चित करें कि शारीरिक दूरी का ध्यान हर ऐसी जगह पर रखा जाए जहां पर कोई कर्मचारी दिन में, अपना हर काम करते हुए जाता है।

शारीरिक दूरी का नियम सभी सार्वजनिक स्थानों पर लागू होना चाहिए, जैसे लंच रूम, ब्रेक रूम, बाथरूम, पंच स्टेशन, सामान रूम, लॉकर रूम तथा ऐसे अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जहां पर कर्मचारी आम तौर पर इकट्ठे होते हैं। यह वे स्थान हैं जहां पर आजकल हम कोविड-19 का प्रसार देख रहे हैं। इस जोखम को कम करने के लिए आप निम्न काम कर सकते हैं:

- सभी सार्वजनिक स्थानों के लिए अधिकतम क्षमता निर्धारित करना ताकि वहां पर शारीरिक दूरी के लिए जरूरी जगह मौजूद हो
- कर्मचारियों की विभिन्न टीमों द्वारा इन सार्वजनिक स्थानों के एक ही समय पर उपयोग को सीमित करना
- यदि पूरा समय शारीरिक दूरी को बरकरार नहीं रखा जा सकता तो प्लैक्सिग्लास बैरियर लगाना तथा निजी सुरक्षा साधन उपलब्ध करना।
- यदि लागू होता हो, तो कर्मचारियों को काम पर आने के लिए उनके निजी वाहन उपलब्ध कराना।
- सुनिश्चित करना कि हाथ धोने वाले स्थान तथा सफाई के साधन आसानी से उपलब्ध हों।

### इकट्ठे होना

काम करने वाले स्थानों के लिए इसका मतलब है कि कोई सामाजिक समारोह, पार्टियां या स्टाफ लंच न किए जाएं। कारोबार के मालिक होने के नाते इन आदेशों का अपने निजी जीवन में पालन करके तथा अपने कर्मचारियों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करके आप भी अपने कर्मचारियों तथा समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकते हैं।

### सही रिकार्ड रखें

इस बात का विस्तृत रिकार्ड रखने से कि हर रोज स्टाफ ने कहां पर काम किया और एक वर्तमान स्टाफ की सूची बनाकर जिसमें संपर्क जानकारी तथा पहचान करने वाली जानकारी (जैसे, जन्म तिथि) शामिल हो, आपके कार्य स्थान पर यदि कोविड-19 की कोई घटना होती है तो *पब्लिक हैल्थ* को संपर्क में आए लोगों की पहचान करने में सहायता मिलेगी। इससे, किसी घटना के होने पर सीमित स्टाफ को ही एकांतवास करना होगा।

### बड़े कार्यस्थलों पर स्टाफ को कोहार्टों में बांटें

बड़े कार्यस्थलों पर स्टाफ की अदला-बदली /कार्यस्थल पर एक स्थान से दूसरे स्थान जाना या विभिन्न टीमों में जाना तथा विभिन्न स्थानों वाले स्टाफ का इकट्ठा ब्रेक लेना कम से कम करें। इससे कोई घटना होने पर संक्रमित हो सकने वाले कर्मचारियों की संख्या कम हो जाती है।

## परिवहन पर विचार करें

यदि आपको पता है कि आपके कर्मचारी कार-पूल करते हैं या नियोक्ता द्वारा चलाए जाने वाले वाहनों का उपयोग करते हैं तो स्टाफ को मनोनीत करते समय इसका ध्यान रखें। नियोक्ता द्वारा चलाए जाने वाले परिवहनों में चढ़ने से पहले स्टाफ के लक्षणों की जांच करें तथा सुनिश्चित करें कि सभी ने मास्क पहने हों तथा वाहन के भीतर उनके बीच शारिरिक दूरी बना के रखी गई हो।

उपरोक्त के अतिरिक्त, सुनिश्चित करें कि कोविड-19 संबंधी सुरक्षा निर्देश तथा पोस्टर आदि आपके कर्मचारियों की मूल भाषाओं में हों।

## कोविड-19 की अच्छी समझ का अर्थ है कारोबार की अच्छी समझ

आज वह समय है जब हम सब को इकट्ठे मिलकर कोविड-19 के प्रसार को कम करना है। स्वयं को, अपने कर्मचारियों को, अपने कारोबार को तथा अपने समुदाय को स्वस्थ रखने के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए आपका धन्यवाद।

## नियोक्ताओं के लिए संसाधन:

- BCCDC – नियोक्ताओं के लिए जानकारी
- WorkSafeBC - नियोक्ताओं के लिए जानकारी
- Fraser Health – अपने कारोबार को कोविड-19 से मुक्त करने के लिए जानकारी तथा संसाधन

## आपके कारोबार के लिए पोस्टर तथा चिन्ह-संकेत:

- नोटिस – यदि बीमार हैं तो अंदर न जाएं
- सामान्य इलाके – कोविड-19 से सुरक्षित रहें
- सामान्य इलाका – शारीरिक दूरी बनाकर रखें
- मास्क पहनें
- बाथरूम शिष्टाचार
- मीटिंग रूम शिष्टाचार
- रसोई/ब्रेक रूम शिष्टाचार
- कार्यस्थल शिष्टाचार  - अपनी जगह साफ रखें
- अपने हाथ साफ रखें – सैनिटाइज़ करें
- आगंतुकों की पहले स्क्रीनिंग की जाएगी
- फर्श की सफाई – यहां खड़े हों

## कर्मचारियों के लिए संसाधन

- Work Safe BC – स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए रोकथाम जानकारी लाइन

- Work Safe BC – असुरक्षित काम से इनकार करना